डॉ0 आर.के0जैन मा0 अध्यक्ष (मंत्री स्तर) उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 09,दिसम्बर 2021 के समय 11.00 बजे दिन अल्पसंख्यक कल्याण भवन शहीद भगत सिंह कालोनी देहरादून के सभागार में 18,दिसम्बर 2021 " विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस" के आयोजन के सम्बन्ध में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक की उपस्थिति

1– डॉ0 आर0के0जैन मा0 अध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग।
2– श्री मज़हर नईम नवाब मा0 उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग।
3– स0 इकबाल सिंह मा0 उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग।
4– श्री राजेन्द्र कुमार, निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उत्तराखण्ड देहरादून।
5– श्रीमती शाहजहॉ जावेद खान, पुलिस अधीक्षक, मानवाधिकार, पुलिस मुख्यालय, उत्तराखण्ड।
6– श्री असगर अली, मा0 सदस्य, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग।
7– श्री गुलाम मुस्तफा ,मा0 सदस्य, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग।
8– श्रीमती सीमा जावेद,मा0 सदस्य, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग।
9– श्री जे0एस0रावत, सचिव उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून।
10– श्री वाई0एस0राणा, उप महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम।
11– श्री विक्रम रावत, उप निरीक्षक, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पुलिस मुख्यालय देहरादून।
12– श्रीमती दीपा, लेखाकार उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग।
13– श्रीमती शमा प्रवीन, वैयक्तिक सहायक उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग।

बैठक में सर्वप्रथम मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी प्रतिभागियों का परिचय करते हुए बैठक प्रारम्भ की गयी। तत्पश्चात् सी.डी.एस. श्री बिपिन्न रावत के आकस्मिक निधन पर मौन प्रस्ताव रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अपूर्णय क्षति पर दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में आगामी 18, दिसम्बर 2021 को " विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस" के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिसमें अवगत कराया गया कि वर्तमान में कोविड–19 के दृष्टिगत राज्य स्तर पर जनपद देहरादून में सर्वे ऑफ इण्डिया के आडिटोरियम में व प्रदेश के समस्त थानों में जन–जानकारी अभियान के तहद् कार्यक्रम के आयोजन किये जाने पर चर्चा की गयी।

1– पुलिस विभाग का गत वर्षो से इस कार्यक्रम के संचालन में अत्यधिक सहयोग रहता है। इसके लिए मा0 आयोग द्वारा धन्यवाद करते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश के समस्त थानों में "विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस" मनाये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें प्रदेश के समस्त थानों में अल्पसंख्यक समुदाय में जागरूकता लाने हेतु प्रचलित कानून/नियमों आदि विषयों पर जानकारी दी जाय। मा0 आयोग द्वारा तैयार की गयी बुकलेटों को भी थानों के माध्यम से

अल्पसंख्यक समुदाय में वितरित की जाय। इस सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय, उत्तराखण्ड देहरादून का सहयोग अपेक्षित है। साथ ही मा0 आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया कि कोविड–19 के दृष्टिगत **"मिशन–हौसला"** के अन्तर्गत कम से कम दो अल्पसंख्यक समुदाय के पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाना है, का नाम भी पुलिस मुख्यालय से अपेक्षा है कि यथाशीघ्र मा0 आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। साथ ही सम्बन्धित थानों में कार्यक्रम के समापन पर कम से कम दो फोटोग्राफ व्हाटसएफ एवं ई–मेल के माध्यम से मा0 आयोग को उपलब्ध कराया जाय। व्हाटसएफ न0–7906232399 अथवा मा0 आयोग की ई–मेल आई0डी– info @ ukmc.in है। कार्यक्रम में सम्बन्धित जिलों में आयोग के सदस्यों, अन्य गणमान्य अल्पसंख्यक समुदाय के अन्य व्यक्तियों को भी आमन्त्रित किया जाय। इसके साथ ही कार्यक्रम में मुख्यतः निम्न को भी आमन्त्रित किया जाय।

- अभियोजन विभाग का प्रतिनिधि
- चिकित्सा विभाग एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि
- स्कूल/कालेज के छात्र–छात्रायें
- अल्पसंख्यक वर्ग के सामान्य व्यक्ति विशेषकर महिला एवं युवा वर्ग
- अधिवक्तागण
- अल्पसंख्यक वर्ग के सम्मान्त व्यक्ति
- सेवानिवृत्त अभियोजन/पुलिस अधिकारी
- मीडिया/प्रिन्ट मीडिया के प्रतिनिधि

(कार्यवाही– पुलिस मुख्यालय देहरादून।)

2– उत्तराखण्ड वक्फ विकास निगम में निगम की ओर से लगभग 5–7 स्टॉल, हुनर हार्ट की तर्ज पर लगाये जाये, तथा इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुनर योजना एवं अन्य स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों को भी कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपेक्षा पर उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम से की गयी है।

(कार्यवाही– प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम)

3–जिला उद्योग, देहरादून, दुग्ध विकास देहरादून, पशुपालन विभाग देहरादून, खादी ग्राम उद्योग, पर्यटन विभाग, वैकल्पिक उर्जा, समाज कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के भी स्टॉल/प्रर्दशिनी गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी लगायी जानी है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी देहरादून से अपेक्षा है कि सम्बन्धित विभागों को स्टॉल लगाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करते हुए स्वयं भी इस कार्य में सहभागिता करते हुए मा0 आयोग को सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

(कार्यवाही– जिलाधिकारी देहरादून/मुख्य विकास अधिकारी देहरादून)

4–मा0 आयोग द्वारा इस कार्यक्रम में 5 प्रतिष्ठित अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को उनके वक्तव्य हेतु विचार करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें, मौ0 अहमद काजी शहर काजी, डॉ0 पी0 सतीश जॉन निदेशक, हिमालयन टार्च वियर श्री संजय जैन, प्रबन्ध निदेशक, जैन टी–स्टैट, श्री सुभाष कुमार पूर्व आई.ए0एस0., श्री नरेन्द्र जीत सिंह बिन्द्रा उपाध्यक्ष हेमकुण्ड साहिब ट्रस्ट के द्वारा अपने विचार व्यक्त किये जायेगे। मा0 आयोग द्वारा इनसे अनुरोध किया जाय।

(कार्यवाही–सचिव,उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग)

5–प्रदेश के चार अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों– जनपद देंहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, एवं नैनीताल के चार थानों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सर्वे ऑफ इण्डिया देहरादून से किया जाना है। जिसमें पुलिस विभाग जनपद के चार बड़े थानों का नाम प्रस्तावित करेंगी। सूचना विभाग इस सम्बन्ध में यथोचित कार्यवाही की अपेक्षा की जाती है।

(कार्यवाही– पुलिस विभाग/निदेशालय, सूचना विभाग)

6– अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत छः बालिकाओं जिनका सबसे अधिक अंक प्राप्त हो, जिनके द्वारा वर्ष 2021 में उत्तराखण्ड बोर्ड /मदरसा बोर्ड से हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा पास की हो , जिसमें से दो–दो बालिकाएं हाई स्कूल ,इण्टरमीडिएट व उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड से हो। को चिहनित कर सम्मानित किया जाना है। इस सम्बन्ध में निदेशालय, अल्पसंख्यक कल्याण उत्तराखण्ड देहरादून से अपेक्षा है कि छः बालिकाएं जिन्हें योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जाना है, की सूची उपलब्ध कराने का कष्ट करेगें।

(कार्यवाही–निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उत्तराखण्ड

3– उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग में नामित महानुभावों/सदस्यों का नाम/पता निम्नवत है–

क्र.	महानुभावों व अधिकारियों के नाम
1	डॉ0 आर0के0जैन(अध्यक्ष) निवास–22, इन्दर रोड़, देहरादून। मो0न0– 9837027766
2	श्री मज़हर नईम नवाब(उपाध्यक्ष) ज्वाहर नगर,हल्द्वानी, नैनीताल। मो0न0– 9568501786
3	*स0 इकबाल सिंह(उपाध्यक्ष)* *निवासी–सरकरा, पो0– नकटपुरा, सितारगंज जिला– ऊधमसिंह नगर।* मो0न0– 7895103377, 9927703377
4	श्री थामस पी0वी0(सदस्य) निवासी– जनता पैथोलॉजी लैब रूद्रपुर, ऊधमसिंहनगर। मो0न0–9927444441
5	श्री असगर अली(सदस्य)

	निवासी–ग्राम जैनपुर झंझेडी पो0–लंढौरा मंगलोर जनपद–हरिद्वार। मो0न0– 9927153595, 9410966711
6	श्री राय वरीश अहदम(सदस्य) निवासी– बडहेडी, राजपुताना पो0–भौरी, तह0–रूड़की बहादराबाद, हरिद्वार। मो0–9837214526, 9411140002
7	श्री अब्दुल हफीज(सदस्य) निवासी– भाटकोट रोड़,वार्ड नं0 8 जिला– पिथौरागढ मो0न0– 9639199229
8	श्री हेमन्त जोजफ(सदस्य) निवासी– मिशन कप्पाउण्ड कालीखोली पो0– द्वाराहाट अल्मोड़ा। मो0न0– 9412344506 9761593647
9	श्रीमती सीमा जावेद(सदस्या) निवासी–चानचक रोड़, बंजारावाला देहरादून मो0न0– 7895648910
10	श्री सन्तोख सिंह नागपाल(सदस्य) निवासी– 28/32, अन्सारी मार्ग, कालिका माता, मन्दिर के पास, देहरादून मो0न0–9412955285
11	श्री गुलाम मुस्तफा(सदस्य) निवासी–ग्राम शंकरपुर पो0–रामपुरकलॉ वि0ख0–सहसपुर देहरादून। मो0न0–9410534786
12	श्री परमिन्दर सिंह सदस्य निवासी–झबरावाला, बुल्लावाला मारखमग्रान्ट देहरादून। मो0न0–9897119388
13–	श्री जे0एस0रावत सचिव उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून। मो0न–9412119278

अतः में बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के सम्पादन हेतु कोविड–19 के गाईडलाईन का अनुपालन करने के निर्देश के साथ सधन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की गयी।

ह0/–
(डॉ0 आर0के0जैन)
अध्यक्ष
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग
देहरादून।

कार्यालय– उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून।

पत्रांक १२०/ उअसंआ0 / बैठक–कार्यवृत्त / 2021–22 दिनांक 10 दिसम्बर 2021

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड।
2– प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
3– प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वक्फ विकास निगम देहरादून।
4– निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून।
4– समस्त जिलाधिकारी / मुख्य विकास अधिकारी, उत्तराखण्ड।
5– समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक उत्तराखण्ड।
6– जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी देहरादून / हरिद्वार / नैनीताल / ऊधमसिंहनगर।
7– बैठक के समस्त प्रतिभागीगण / प्रभारीगण।
8– सम्बन्धित पत्रावली।

सचिव
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग
देहरादून।